क्रमांक 66/55/90-7 जी. एस. I

प्रेषक

मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

सेवा में

1. सभी विभागाध्यक्ष,
आयुक्त हिसार मण्डल तथा आयुक्त रोहतक मण्डल,
आयुक्त अम्बाला मण्डल एवं आयुक्त गुड़गांव मण्डल एवं
राज्य के सभी उपायुक्त तथा उप मण्डल अधिकारी (नागरिक)

2. रजिस्ट्रार, पंजाब तथा हरियाणा हाई कोर्ट एवं सभी जिला सत्र न्यायधीश ।

दिनांक 18-9-90

विषय : हरियाणा लोक सेवा आयोग/हरियाणा अधीनस्थ सेवायें प्रवरण मण्डल के कार्यक्षेत्र से पदों को बाहर निकालने बारे।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे आपका ध्यान सरकार के परिपत्र क्रमांक 11718-जी-II-59, दिनांक 12-1-59 की ओर दिलाते हुये यह कहने का निदेश हुआ है कि इस पत्र में उल्लेखित व्यवस्थानुसार जब भी कोई पद हरियाणा लोक सेवा आयोग के कार्य क्षेत्र से बाहर निकालना हो तो मुख्य सचिव द्वारा आयोग की टिप्पणी प्राप्त करके प्रस्ताव मंत्री परिषद् को पेश किया जाता है। इसी तरह की कार्यवाही हरियाणा अधीनस्थ सेवायें प्रवरण मण्डल के कार्य क्षेत्र से पद बाहर निकालने के लिये भी की जाती है। इस मामले में सरकार द्वारा आगे विचार किया गया है तथा यह अनुभव किया गया है कि ऐसा करने से कई कठिनाईयां उत्पन्न होती हैं। एक तो मुख्य सचिव कार्यालय के पास सम्बन्धित मामले के सारे तथ्य उपलब्ध नहीं होते और यदि कोई अन्य सूचना या स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो वह विभाग से बार बार प्राप्त करनी होती है जिससे ऐसे केस सिरे चढ़ाने में देरी होती है। इसके इलावा मंत्रि-परिषद के सम्मुख उठाए गए प्रश्नों के उत्तर केवल विभाग ही भली भान्ति दे सकता है। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि भविष्य में सम्बन्धित प्रशासनिक विभाग ही मुख्य सचिव का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त प्रस्ताव मंत्रिपरिषद को प्रस्तुत करेंगे। मुख्य सचिव को प्रस्ताव भेजने से पहले विभाग हरियाणा लोक सेवा आयोग/हरियाणा अधीनस्थ सेवाएं प्रवरण मण्डल की टिप्पणी अपने स्तर पर प्राप्त करेंगे तथा इस टिप्पणी का वर्णन मंत्रिपरिषद् को प्रस्तुत किये जाने वाले ज्ञापन में किया जायेगा। मंत्रिपरिषद् के निर्णय के उपरान्त अधिसूचना अधिसूचित करवाने हेतु विभाग मंत्रिपरिषद के निर्णय की प्रति एवं ज्ञापन, जो कि मंत्रिपरिषद के सम्मुख रखा गया हो, मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार/सामान्य सेवाएं शाखा-I को भेजें।

भवदीय,

हस्ता/-

अवर सचिव, (सामान्य प्रशासन),

कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

इसकी एक प्रति सभी वित्तायुक्तों एवं प्रशासकीय सचिवों हरियाणा सरकार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

हस्ता/-

अवर सचिव, (सामान्य प्रशासन),

कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

सेवा में

सभी वित्तायुक्तों एवं सभी प्रशासकीय सचिव, हरियाणा सरकार।

*Subject* :—Taking out the posts out of the purview of the Haryana Public Service Commission and procedure regarding.

Will the Financial Commissioners and Commissioners and Secretaries to Government, Haryana, kindly refer to this office U.O. No. 66/55/90-7GSI, dated 18-9-90, in which, interalia it was stated that before submitting the memorandum by the Administrative Departments to the Council of Ministers for taking the posts out of the purview of the Haryana Public Service Commission, the comments/approval of Haryana Public Service Commission/Chief Secretary would be obtained ?

2. For sometime past, it has been observed that cases are submitted by the Administrative Departments to the Governor-in-Council/Council of Ministers without consulting the Haryana Public Service Commission or obtaining prior approval of Chief Secretary. In the case of appointments to Class-II posts, under the ex-gratia scheme, there is a ban on such appointments except in the case of candidates/dependents of the deceased possessing technical qualifications like MBBS, BE. B. Tech., B.V. Sc. These cases are submitted to Governor-in-Council/Council of Ministers without consulting the Haryana Public Service Commission or Chief Secretary, presumbly, on the ground that for appointment under ex-gratia scheme, the consultation of Chief Secretary (in G.S. II Br.) is enough. It is pointed out that consultation with Chief Secretary (in G.S. II Br.) is confined to the policy of Government for ex-gratia appointments and separate consultation is necessary for taking the posts out of the purview of the Commission.

3. Under clause 3 of Article 320 of the Constitution of India consultation with the Public Service Commission in all matters relating to methods of recruitment to Civil Services and for Civil posts is a constitutional requirment. However, under proviso to Clause 3 of Article 320, the Governor with regard to service and posts in connection with the affairs of a State may make regulations specifying the matters in which, either generally or in any particular class of cases, or in any particular circumstances, it shall not be necessary for a Public Service Commission to be consulted. Accordingly, in exercise of the powers under above mentioned proviso, the State Government framed the Haryana Public Service Commission (Limitations and functions) Regulations, 1973. Except in respect of certain posts mentioned in these regulations, it shall be necessary to consult the Commission for making initial appointments.

4. In view of the above stated position, the Administrative Departments are required to consult Haryana Public Service Commission and Chief Secretary before submitting the memorandum to the Governor-in-Council/Council of Ministers in respect of appointments to Class-I and II posts by taking posts out of the purview of the Commission. It is clarified that this procedure also applies to the cases of appointments under the ex-gratia scheme. It is, therefore, re iterated that Haryana Public Service Commission and Chief Secretary should be consulted in respect of appointments to Class-I and II posts, including appointments under the ex-gratia scheme, before the matter is placed before Governor-in-Council/Council of Ministers. The views of the Commission should be incorporated in the memorandum to be placed before the Governor-in-Council/Council of Ministers.

These instructions may kindly be brought to the notice of all concerned for strict compliance.

Sd/—
Joint Secretary, Political & Services,
*for* Chief Secretary to Government, Haryana.

To

All Financial Commissioners & Commissioners & Secretaries to Government, Haryana.

U.O. No. 66/55/90-7GSI Dated : 31-5-91